डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 166 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 29 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया






## बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति बंद, माशिमं ने दी स्वीकृति

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा विभाग कक्षा 9वीं और 10वीं की शिक्षण पद्धति में बदलाव किया गया है। नए शैक्षणिक सत्र से बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति से होने वाली अंकों की गणना बंद हो जाएगी। यानी सभी विषयों के अंक वार्षिक परीक्षा परिणाम में जोड़े जाएंगे। इस संबंध में शासन के आदेश के बाद माशिमं ने भी इसकी स्वीकृति दे दी है।

नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल शिक्षा में कई तरह के बदलाव किए जा रहे है। कुछ साल पहले लागू हुई बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति को अगले सत्र में खत्म कर दिया जाएगा। बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति में कक्षा 9वीं और 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सबसे ज्यादा अंक वाले पांच विषयों के अंक ही जोड़े जाते थे। लेकिन, अब इसे बंद किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर कक्षा 9वीं में गणित विषय को भी दो भागों में बांट दिया है। विद्यार्थी अपनी सहुलियत के हिसाब से अब सामान्य गणित और उच्च गणित विषय का चयन कर पाएंगे। कक्षा नौवीं और दसवीं में नए सत्र से इसकी शुरुआत होगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा परेशानी गणित विषय में आती है। बोर्ड परीक्षा में फैल होने वाले ज्यादातर बच्चे गणित में फैल होते है।

### यह है बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति...

बोर्ड परीक्षा में कुछ साल पहले शिक्षा विभाग ने यह पद्धति लागू की थी। एक विषय में विद्यार्थियों के कमजोर होने के कारण उन्हें पूरक आती थी। लेकिन ऐसा ना हो, इसलिए छह में से पांच विषय के अंक वार्षिक परीक्षा परिणाम में जोडे जाना शुरू हुआ। इसमें छह में से एक विषय में विद्यार्थी फैल भी हो जाता है, तो बाकी पांच विषय के आधार पर उसे उत्तीर्ण घोषित किया जाता है। जिस विषय में वह फेल हुआ है, वह चाहे तो उसकी पूरक परीक्षा दे सकता है। लेकिन, नए सत्र से इस योजना को बंद करा जाएगा।



# लोकसभा चुनाव: राजीव-अटल आए तो मिली हार, इंदिरा के आने पर जीते

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस। इन दिनो संसदीय क्षेत्र लोकसभा चुनाव के रंग में रंगा रहा है। गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी ने भी चुनाव कार्यक्रम की शुरुआत कर दी। इधर भाजपा पहले से ही इसकी शुरुआत कर चुकी है। अब बात करें बड़े नेताओं के मंदसौर आने की तो राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी, सोनिया गांधी, इंदिरा गांधी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मंदसौर प्रचार-प्रसार के लिए आ चुके हैं। महत्वपूर्ण बात यह रही कि राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी प्रचार के लिए जब मंदसौर आए तो उनकी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। वहीं इंदिरा गांधी की एक सभा ने अविभाजित मंदसौर नीमच में कांग्रेस को जीत दिला दी।**

### सोनिया गांधी के साथ आए थे राजीव...

1989 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस के उम्मीदवार तत्कालीन सांसद बालकवि बैरागी थे और भाजपा से डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय। राजीव गांधी क्रीड़ा परिसर में पूरे संसदीय क्षेत्र की चुनावी सभा हुई। इसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी अपनी पत्नी सोनिया गांधी के साथ आए थे। उन्हें देखने और सुनने के लिए भारी भीड़ उमडी। लगभग एक लाख लोगों की भीड़ देखकर कांग्रेस के तत्कालीन पदाधिकारी व नेता भी खुश और जीत के प्रति आश्वस्थ थे। लेकिन, जब परिणाम आए तो वह बिल्कुल विपरीत रहे। बैरागी चुनाव हार गए और डॉ. पांडेय जीतकर दिल्ली पहुंच गए।

### अटलजी बोले-जूता पुराना हो जाए तो बदल देना चाहिए...

1998 के विधानसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मंदसौर में सभा लेने आए। 1993 में मंदसौर-नीमच जिले की सात सीटों में से चार कांग्रेस के पास थी और तीन भाजपा के पास। मप्र में कांग्रेस की सरकार थी। मंदसौर में सातों सीटों में उतरे भाजपा प्रत्याशियों के लिए वाजपेयी की सभा मंदसौर में हुई। यहां भी अनुमानित एक लाख लोग पहुंचे थे। संबोधित करते हुए अटलजी ने कहा कि जूता पुराना हो जाए तो बदल देना चाहिए। भाजपा प्रत्याशियों को भी उम्मीद थी कि यह सभा काम कर जाएगी, पर हुआ इसका उलटा ही। मंदसौर-नीमच जिले की सातों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीत गए।

### और जब पीएम नहीं थे तब आए तो...

इंदिरा गांधी भी एक बार मंदसौर में चुनाव प्रचार के लिए आ चुकी हैं, पर तब वे प्रधानमंत्री नहीं थीं। उस समय रात के दो बजे भी उन्हें सुनने के लिए वर्तमान नेहरू बस स्टैंड के पास भारी भीड़ जमा हुई थी। तब जनता ने उनकी बात सुनी और अविभाजित मंदसौर जिले की सातों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस को जीत दिलवा दी।

### नरेंद्र मोदी ने तोड़ा मिथक...



कुछ समय तक यह इतिहास रहा कि जब जब प्रधानमंत्री पार्टी के समर्थन में मंदसौर पहुंचे तब उनकी पार्टी के प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। संसदीय क्षेत्र में उनकी पार्टी को हार मिली। लेकिन, इस मिथक को नरेंद्र मोदी ने तोड़ा। इसी तरह 2013 के विस चुनाव में भी गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मंदसौर में सभा करने आए थे। मतदान के बाद जो परिणाम आए तो सात में से छह सीट पर भाजपा जीती थी। एकमात्र सुवासरा सीट पर कांग्रेस के हरदीप सिंह डंग ने जीत दर्ज की थी। 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव में आए। यहां सभा की। इसके बाद संसदीय क्षेत्र में सुवासरा को छोडक़र सभी सात सीटों पर भाजपा विजयी हुई।



# वृद्ध महिला का गला रेतकर 8 किलो अफीम लूट ले गए बदमाश

## क्षेत्र में फैली सनसनी, अफीम किसानों में दहशत, 2 से ज्यादा हो सकते हैं बदमाश

**पिपलिया मंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के गांव लसुड़िया राठौर में एक वृद्ध महिला की गला रेतकर हत्या कर बदमाश टंकी में रखी अफीम लूट ले गए। सुबह 8 बजे जैसे यह जानकारी लोगो को मिली तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बता दें कि इन दिनो किसानो के घरों में अफीम रखी हुई है, जो तौल केन्द्र ले जाकर जमा कराई जाना है। अफीम लूट के ईरादे से की गई महिला की हत्या के बाद किसानों में दहशत है।

जानकारी के अनुसार मामला पिपलिया थाने के गांव लसुड़िया राठौर का है। 70 वर्षीय महिला चन्द्रकुंवर पति स्व. समन्दरसिंह राणावत का शव स्वयं के घर में रक्त रंजित अवस्था में मिला। महिला का गला धारदार हथियार से रेत रखा था, वहीं सिर पर भी चोंटे थी। घर में खून बिखरा हुआ था।

### पुलिस कप्तान पहुंचे घटना स्थल...

सूचना पर पिपलिया मंडी थाना प्रभारी नीरज सारवान, चौकी प्रभारी कपिल सोराष्ट्रीय दल-बल के साथ मौके पहुंचे व वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। बाद में पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया, एएसपी श्री गौतम सोलंकी, मल्हारगढ़ एसडीओपी श्री नरेन्द्र सोलंकी ने भी घटनास्थल का मौका मुकायना कर जानकारी ली।

### डॉग स्क्वाड व एफएसएल अधिकारी ने भी की जांच...

घटना के बाद पुलिस डॉग स्क्वाड को भी लाया गया, जो चीताखेडी मार्ग पर करीब 150 मीटर दूरी पर जाकर रुक गया। इसके बाद एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल ने भी मौके पर सूक्ष्मता से जांच की। पिपलिया पुलिस ने महिला के बेटों को घटना की जानकारी दी, बाद में भादंसं की धारा 302 में हत्या का मामला दर्ज कर घर को सील कर दिया।

### पति के निधन के बाद पातीदार के साथ बो रही थी अफीम...

जानकारी के अनुसार महिला के पति का दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। दो बेटे बलवन्तसिंह व महेन्द्रसिंह निम्बाहेड़ा जेके सीमेंट फेक्ट्री में नौकरी करते है। महिला के 2 बीघा कृषि भूमि गांव लसुड्यिा राठौर में है। 10 आरी का अफीम पट्टा उसने गांव के ही पांतीदार प्रहलाद प्रजापत के साथ बोया था। अफीम को एकत्रित कर लिया गया था, जो घर में टंकी में रखी हुई थी। कुल 7 से 8 किलो अफीम के कुंडे के साथ महिला अकेली घर में सोई हुई थी। अफीम की टंकी घर पर ही रखी थी। लेकिन, उसमें रखी करीब 8 किलो अफीम बदमाश किसी अन्य पात्र में भरकर लूट ले गए।

### सुबह सूचना देने गए पातीदार के उड़े होंश...

सुबह 8 बजे पांतीदार प्रहलाद प्रजापत महिला को यह सूचना देने गया था कि 31 मार्च को अफीम का तौल होना है। लेकिन, जैसे ही उसने दरवाजा खोला उसके होंश उड़ गए। महिला रक्तरंजित अवस्था में दरवाजे के पास पडी हुई थी। वहीं बाहर दिवार पर भी खून के निशान थे, जो संभवत: बदमाश के हाथों के हो सकते है। पांतीदार ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी।

### परिचित हो सकते है हत्यारे..?

जानकार सूत्रों के अनुसार महिला की हत्या करने वाले बदमाश महिला के परिचित हो सकते है। क्योंकि, महिला घर में अकेली सोई हुई है और अफीम घर में ही रखी हुई है, यह बात किसी परिचित को ही पता हो सकती है। अफीम लूटने के बाद महिला की हत्या भी इसीलिए बदमाशों ने की होगी कि महिला बाद में पुलिस को उनकी पहचान नही बता सके।

### इनका कहना...

पुलिस जांच कर रही है। वैसे महिला यहां नही रहती थी, लेकिन, उनका पुश्तेनी मकान व खेती यहीं लसुडिया राठौर में है। कुछ वर्षों से वह यहां रह रही थी, वर्तमान में पातीदार के साथ अफीम बोई थी। हत्या में शामिल बदमाश 2 या उससे ज्यादा हो सकते है। महिला के परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है।

**नरेन्द्र सौलंकी**
**एसडीओपी मल्हारगढ़**

# बार्डर मीटिंग में किया सूचनाओं का आदान-प्रदान

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा है। जिला प्रशासन की राजस्थान सीमा से जुड़े अधिकारियों के साथ वर्चुअल बॉर्डर मीटिंग हुई। मीटिंग में रतलाम के अलावा प्रदेश के अन्य जिलो के कलेक्टर व एसपी भी जुड़े

चुनावी प्रशासनिक तैयारियां, प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाहियों के दृष्टिगत मंदसौर पुलिस कप्तान की वर्चुअल बैठक राज्य के सीमावर्ती जिले राजस्थान के झालावाड़, बारा एवं कोटा जिलों के कलेक्टर एवं एसपी के साथ एक वर्चुअल मीटिंग हुई। मीटिंग में मध्यप्रदेश के शिवपुरी, श्योपुर, गुना, रतलाम, आगर मालवा, राजगढ़, जिलों के कलेक्टर, एसपी भी सम्मिलित हुए। बैठक में जिलों के संबंध में सामान्य जानकारी का आदान-प्रदान हुआ। सीमावर्ती मतदान केन्द्रों के लोकेशन अनुसार जानकारियां दी। सीमा से लगे ग्रामों की सूची एक-दूसरे को दी गई। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष लोकसभा चुनाव को लेकर असामाजिक तत्वों तथा अवैध शराब के नियंत्रण पर भी चर्चा की।

इस दौरान राजस्थान, मध्यप्रदेश में निवास करने वाले फरारी स्थाई वारंटियों की सूची, बॉर्डर नाका स्थलों की सूची, अवैध शराब बनाने तथा विक्रय, बॉर्डर नाका स्थलों की सूची, निर्वाचन के दौरान वॉयरलैस कम्युनिकेशन, दोनों सीमाओं से लगे जिलों के थानों के प्रभारी, पुलिस अधिकारियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया। जिला बदर आरोपियों, चुनाव प्रभावित कर सकने वाले व्यक्तियों, सांप्रदायिक तनाव की दृष्टिसे संवेदनशील क्षेत्रों पर भी चर्चा कर कार्य योजना बनाई।

## तापमान 38 से ऊपर पहुंचा, धूप में तेजी

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित पूरे प्रदेश में मौसम बदल रहा है। मंदसौर के अलावा नीमच, रतलाम में हीट वेव यानी गर्म हवाओ का दौर चला। इधर 29 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसके कारण प्रदेश के 29 जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। इन दिनों शहरवासी गर्मी से बेहाल है। तीखी धूप के कारण दिन में तो लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही रात में भी आंशिक बादलों के कारण उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। लोगों को रात में भी तेज गर्मी का सामना करना पड़ा। गुरुवार को शहर के अधिकतम तापमान में जहां 1.5 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई, वहीं न्यूनतम तापमान भी 2.5 डिग्री तक बढ़ गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री था। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय पश्चिमी विक्षोभ का असर है। इसके कारण आंशिक बादलों की स्थिति बन रही है। इसके साथ ही गर्म हवा आ रही है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इसी के चलते गर्मी के साथ-साथ लोगों को उमस का भी सामना करना पड रहा है। इस समय नमी के साथ-साथ दिन में दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी हवा भी चल रही है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।

## डॉ. मेहता की कार को टक्कर मारी

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नेत्र रोग विशेषज्ञ की कार को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। नई आबादी थाना पुलिस के अनुसार मामला महू-नीमच हाईवे रोड बायपास स्थित चंदन फैक्टरी के पास का है। कंबल केंद्र रोड निवासी डॉ. संजीव पिता नरेंद्रकुमार मेहता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कार क्रमांक एमपी-09-डब्ल्यूडी-80 76 के ड्राइवर ने उनकी खडी कार को टक्कर मार दी, जिससे नुकसान हुआ। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सोना पहुंचा 67 हजार के करीब



**रतलाम, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को सोना ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार 10 ग्राम सोना 137 रुपए महंगा होकर 66 हजार 971 रुपए का हो गया है। इससे पहले इसी महीने 21 मार्च को सोने ने 66 हजार 968 रुपए प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था।

चांदी में आज मामूली तेजी देखने को मिली है। ये 14 रुपए महंगी होकर 74 हजार 11 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 73 हजार 997 रुपए पर थी। चांदी ने बीते साल यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77 हजार 73 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस महीने यानी मार्च में सोने की कीमत में शानदार तेजी देखने को मिल रही है। 1 मार्च को सोना 62 हजार 592 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो 28 मार्च को 66 हजार 971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यानी इस महीने अब तक इसकी कीमत में 4379 रुपए की तेजी आई। वहीं चांदी भी 69 हजार 977 रुपए से बढ़कर 74 हजार11 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

### सोने के भाव तेज होने के कारण...

सूत्रों की माने तो 2024 में दुनियाभर में मंदी की आशंका, शादी के सीजन से सोने की डिमांड बढ़ना, डॉलर इंडेक्स में कमजोरी आना है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सोना खरीद रहे है।

### 2023 में 8 हजार रुपए से ज्यादा महंगा हुआ था सोना...

साल 2023 की शुरुआत में सोना 54 हजार 867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63 हजार 246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8 हजार 379 रुपए अर्थात 16 प्रतिशम की तेजी आई थी। वहीं चांदी भी 68 हजार 92 रुपए से बढ़कर 73 हजार 395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई थी।

### 70 हजारी हो सकता है सोना...

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 70 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 75 हजार प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

## मेड़ के विवाद में मारपीट, क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** खेत की मेड के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रास केस दर्ज किया। नारायणगढ थाने पर तालाब की पाल के पास निवासरत शिवकन्या पति मिथुन इन्दौरा ने शिकायत दर्ज कराई कि खेत को लेकर न्यायालय में केस चल रहा है। लेकिन परिवार की कमलाबाई व उसके पति कृष्णचन्द इंदौरा आए और हमारे खेत की सीमा में पत्थर रखकर मेड बनाने लगे। मना किया तो गाली-गलौज की व लोहे के सलिए से हमला किया, जिससे चोंटे आई। बीच-बचाव करने आए मेरे ससुर श्रीराम इंदौरा से भी मारपीट की। पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। इसी तरह कृष्णचन्द इंदौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जान्याखेड़ी मार पर स्थित खेत पर काम करने पत्नी कमलाबाई के साथ गया था, वहां पड़ोसी श्रीराम पिता नारायण इंदौरा, महेश पिता श्रीराम इंदौरा व शिवकन्याबाई पति मिथुन इंदौरा ने खेत की मेड पर रखे पत्थर हटा दिए, मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### मामला पान स्टील फैक्टरी में मजदूर की मौत का...

## साथी मजदूर पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज?

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बीती 19 मार्च को महू-नीमच हाईवे फतेहगढ़ के समीप स्थित पान स्टील फैक्टरी में काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई थी। उस मामले में दलौदा पुलिस ने अपनी जांच के बाद मृतक मजदूर के साथी पर ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। जबकि, सेफ्टी की दृष्टि से सुरक्षा अधिकारी द्वारा मजदूरो को क्या प्रशिक्षण दिया गया था और सुरक्षा के क्या और कैसे उपकरण दिए गए थे, इसकी जांच भी पुलिस को करना चाहिए थी।

दलौदा पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पान टीएमटी सरिया फैक्टरी के फर्निश विभाग में कार्यरत ईशाक उर्फ शाहरुख पिता मोहम्मद मंसूरी उम्र 28 साल निवासी झावल थाना अफजलपुर की मौत हो गई थी। जिसका कारण साथी कर्मचारी राजवीर पिता नरेशचंद्र शाक्य निवासी कच्छपुरा उपान हाल मुकाम टीएमटी सरिया फैक्टरी फतेहगढ़ द्वारा बगैर देखे और बिना किसी सूचना के प्लंसर मशीन क्रेन को चालू कर दिया। जिस कारण साथी मजदूर इशार उर्फ शाहरुख मंसूरी मशीन से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी राजवीर के विरूद्ध 304ए, 287 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

# अवैध हथियारों के साथ मिला अफीम डोडा

## सेमली में पुलिस की दबिश, एक गिरफ्तार

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बीच मंदसौर के नई आबादी पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमली के एक मकान में दबिश दी गई तो वहां अवैध हथियारों के जखीरे के साथ ही बिना चीरा लगा 121 किलो डोडा मिला। जिसे जप्त कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है।



मौके से पुलिस ने 04 बंदुके एवं एक खाली कारतुस चला हुआ एवं 04 धारदार तलवार बरामद की। बरामद किए गए डोडों की कीमत करीब 18 लाख रूपऐ बताई गई है।

पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने बताया कि 27 फरवरी को थाना नई आबादी के ग्राम सेमली में आरोपी सिराजउद्दीन उर्फ नवाब पिता अल्लारख अजमेरी उम्र 42 वर्ष निवासी उदपुरा रोड ग्राम सेमली के घर से थाना नई आबादी जिला मंदसौर पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर कार्यवाही की गई। इस दौरान आरोपी के घर से अवैध मादक पदार्थ अफीम का डोडा बिना चीरा लगा हुआ 121 किलोग्राम एवं अवैध आग्नेय शस्त्र बंदुके कुल 04 एवं अवैध 04 धारदार तलवारे किमती 05 लाख 02 हजार कुल अवैध मादक पदार्थ एवं हथियार 23 लाख 02 हजार के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना नई आबादी जिला मंदसौर पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ के स्त्रोत एवं अवैध हथियारो के संबध मे पुछताछ की जाकर आरोपियो की श्रृंखला का पता लगाया जा रहा है।

### तीन दिन के रिमांड पर आरोपी...

पुलिस ने आरोपी सिराजउद्दीन उर्फ नवाब पिता अल्लारख अजमेरी उम्र 42 वर्ष निवासी उदपुरा रोड ग्राम सेमली थाना नई आबादी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 3 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। पुलिस अब आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है।

# रंगमंच कला का जनक भारत, भरत मुनि का नाट्यशास्त्र इसका प्रमाण

## दशपुर नगर की सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर मनाया विश्व रंगमंच दिवस

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, स्पीक मैके, सार्थक, इनरव्हील क्लब, संजय ड्रीम्स, मालवा मेवाड़ फिल्मस, टेलेण्ट ऑफ मंदसौर ने दिनांक 27 मार्च 2024 को विश्व रंगमंच दिवस सार्थक संस्था एवं इनरव्हील क्लब अध्यक्षा डॉ. उर्मिला तोमर की अध्यक्षता, फिल्म निर्माता निदेशक एवं पटकथा लेखक श्री प्रदीप शर्मा (मालवा मेवाड़ फिल्मस) के मुख्य आतिथ्य संजय ड्रीम्स के संजय भारती प्रमुख वक्ता, स्पीक मैके कोऑर्डिनेटर श्रीमती चंदा डांगी एवं अजय डांगी, टेलेण्ट ऑफ मंदसौर के नरेन्द्र त्रिवेदी, वंदना त्रिवेदी, गीतकार एवं गायक नन्दकिशोर राठौर, शार्ट फिल्म सिने कलाकार प्रीति कुमावत, अखिल भारतीय साहित्य परिषद अध्यक्ष नरेन्द्र भावसार, चन्द्रकला भावसार के सानिध्य में मनाया गया।

इस अवसर पर प्रमुख वक्ता संजय भारती ने कहा कि रंगमंच के आधुनिक स्वरूप थियेटर की शुरुआत 1962 से हुई। बम्बई का पृथ्वी थियेटर बहुत पुराना एवं नामचीन थियेटर रहा। जिससे कई कलाकारों को अपनी कला को



निखारने का अवसर दिया। प्रमुख अतिथि श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि रंगमंच कला विश्व की प्राचीनतम कला है जिसका जनक भारत रहा है। ईसा से 400 वर्ष पूर्ण भरतमुनि का नाट्यशास्त्र इसका प्रमाण है। जिसमें 36 चैप्टर, 9 रस, 16 कलाओं का विस्तार से वर्णन मिलता है। भारत में वैदिक काल से ही व्यापारियों के साथ कलाकार भी एक देश से दूसरे देश आते जाते रहे थे। व्यापारी महीनों प्रवास पर रहते उनके स्वस्थ मनोरंजन हेतु इन कलाओं का सहारा लिया जाता था। भारत में कालिदास के नाटकों मेघदूत, अभिज्ञान शाकुंतलम, मालविका एवं विक्रमोवर्शीयम, ऋतु संहार ने भी भारतीय रंगमंच कला को पुष्ट ही किया है। रंगमंच के काल ने विश्व को शांति एवं सद्भाव का संदेश ही दिया क्योंकि कला संस्कृति में जहां कला वहां प्रेम जहां प्रेम वहां युद्ध नहीं होते थे। या यू समझे जहां प्रेम वहां शांति एवं सद्भाव। डॉ. उर्मिला तोमर ने कहा कि रंगमंच जिसे नाट्यकला भी कहा जाता है। इससे शांति सद्भाव के संदेश के साथ सामाजिक जीवन पर भी बहुत प्रभाव डाला, भरतमुनि का नाट्यशास्त्र हो या कालिदास के नाटक इन्होंने एक सामाजिक जीवन शैली को विकसित किया। हबीब तनवीर के नाटक, गोपाल दुबे की नाट्य मंडली भूमिका अपने नाटकों से आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे है।नरेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि रंगमंच कला का प्रभाव आज भी देखने को मिल रहा है। मराठी नाटक या असमियाँ नाटक आज भी लोकप्रियता के शिखर पर हो। दशपुर नगर भी रंगमंच के प्रभाव से अछूता नहीं रहा। छोटे-छोटे कार्यक्रम ही सही पर रंगकर्म को दशपुर ने आज भी अपना रखा है। आज का आयोजन भी इसी आशा को बलवती करता है कि, सभी संस्थाएं मिलकर दशपुर में रंगकर्म एवं इससे जुड़े कलाकारों को उनके जुनुन के साथ जोड़कर इस विशा को उंचाईयों पर पहुंचाएगा।इस अवसर पर गीतकार एवं गायक नंदकिशोर राठौर ने कहा कि मैंने अपने जीवन में नाटको को रामलीला के रूप में देखा ही नहीं जिया भी है। बचपन में राम जैने धनुष को लिये चलना, युद्ध करना तथा हनुमान जैसे उछल उछल कर चलना, समुद्र लांघने के प्रयास के टापरे पर चढ़कर नीचे कूद जाना आज भी याद है। सेवानिवृत्ति के बाद फिर रंगकर्मी से जुड़कर कविताएं एवं गीत लिखना एवं गाना मेरे जीवन का बेस्ट परफार्मेंस बन गया है। इस अवसर पर नरेन्द्र भावसार ने कहा कि दुनिया एक रंगमंच है। और हम सब उसके किरदार को शिद्दत से निभाए। इस अवसर पर प्रीति कुमावत, वंदना त्रिवेदी, अजय डांगी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र भावसार ने किया। सरस्वती वंदना श्रीमती चन्द्रकला भावसार ने प्रस्तुत की।

# 205 लीटर शराब जप्त, 4 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेतम नदी पामाखेड़ा के पास दविश दी, लेकिन आरोपी भाग निकले, वहां रखी 7 प्लास्टिक केनों में 105 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इसी तरह पिपलिया चोकी पुलिस ने 4 प्लास्टिक केनो में 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ हेमन्त पिता बद्रीलाल मोगिया को, नाहरगढ पुलिस ने 15-15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ बेटीखेड़ी निवासी नीतेश पिता राजू बाछड़ा व फतेहगढ निवासी जगदीश पिता कन्हैयालाल बलाई को, बूढा चोकी पुलिस ने 50 क्वार्टर (10 लीटर) शराब सहित आवना काचरिया निवासी शांतिलाल पिता चांदमल कलाल को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

# मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोन के तहत जिले में स्वीप गतिविधियों का संचालन जोरो से चल रहा हैं जिसके के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने हेतु जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए घर-घर जाकर जागरूकता किया जा रहा है। साथ ही सभी लोग आपस में जागरूक हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी मतदान के लिये अपील कर रहें हैं।




# भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट की विश्व में लगातार मांग बढ़ रही है-सीए डा. गोयल

## सीए का सेमीनार मंदसौर में सम्पन्न

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नैतिक मानक बोर्ड भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान नई दिल्ली द्वारा जिला शाखा मंदसौर की मेजबानी में सीए का सेमिनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईसीएआई ईएसबी नई दिल्ली के चेयरमेन एवं सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए डॉ. अनुज गोयल ने बताया कि भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेट की विश्व में लगातार मांग बढ़ रही है। बेक ऑफिस वर्क के लिये भी भारतीय चार्टेड अकाउटेंट के पास दुनियाभर से काम आ रहे है। सीए इंस्टिट्यूट ने अपने मेंबर्स के लिये एक नया पोर्टल सीए कनेक्ट शुरू किया है, जिसमें इंडिया के सभी सीए की सही इनफार्मेशन और प्रोफाइल ऑनलाइन मिल पाएगी। आपने कहा कि कोई भी आमजन जो किसी भी सीए सर्विसेज़ को प्राप्त करना चाहते है, इस पोर्टल पर जाकर उस सीए से कनेक्ट कर सकती है। उन्होने ये भी बताया की आएसीएआइ का स्किल डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा सीए मेम्बेर्स की छुपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं, जिनमे वर्कशॉप द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी तथा देश में उन प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा।

दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता भीलवाड़ा सीए शाखा के पूर्व अध्यक्ष सीए निर्भीक गांधी ने विभिन्न प्रॉफेशनल अवसरो के बारे में अवगत कराते हुए बताया की आईसीएआई द्वारा अभी मेम्बर्स के लिए रेरा, कैपिटल मार्केट, बैंक ऑडिट, को ओपरेटिव सोसाइटी जैसे विषयो पर 25 सर्टिफिकेशन कोर्स ओर 4 डिप्लोमा कोर्स करवा रही है। वर्तमान मे प्रेक्टिस कर रहे सीए मेम्बर्स को परंपरागत कार्यो के साथ टेक्नालजी का उपयोग करना होगा ओर नए उभरते हुये सैक्टर मे विशेष ज्ञान के साथ अपनी प्रेक्टिस बढ़ानी होगी। वर्तमान मे इंटरनल ऑडिट, वित्तीय मॉडलिंग, कैपिटल मार्केट, इन्शुरेंस, ग्लोबल वर्किंग, वर्चुअल सीएफ़ओ, लिटिगेशन बैंकिंग जैसे क्षेत्र मे कई अवसर हमारे सामने है। वर्कशॉप के तृतीय सत्र में बैंक ऑडिट विषय पर रतलाम ब्रांच के पूर्व चेयरमैन सीए प्रमोद नाहर द्वारा बैंक ऑडिट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आपने बताया कि बैंकिंग सेक्टर अर्थव्यवस्था की एक महत्वपूर्ण धुरी होती है और विश्व के अनेक देशों में इस क्षेत्र में होने वाली गड़बड़ियों से कई देशों की अर्थव्यवस्था पर काफी बुरा प्रभाव पड़ा है इसलिए बैंक ऑडिट एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण ऑडिट है। आपने बताया कि भारत जैसे विकासशील देश में बैंकिंग इंडस्ट्री में पब्लिक के लाखों करोड़ रुपए पब्लिक डिपॉजिट हे, इसलिए भी अंकेक्षक की जिम्मेदारी अत्यंत बढ जाती है तथापि कॉर्पोरेट प्रेशर और व्यवसायिकता के चलते चार्टर्ड अकाउंटेंट को बैंक ऑडिट हेतु अत्यंत ही कम समय आवंटित होता है इसलिए सीए नाहर ने बताया कि हमें कम से कम समय में सूक्ष्मता और गहनता के साथ क्वालिटी बैंक ऑडिट को कैसे करना चाहिए। जिसमें प्रमुखता के साथ बैंकिंग क्षेत्र के एडवांस में परफॉर्मिंग असेटस और नॉन परफॉर्मिंग असेटस का क्लासिफिकेशन उनकी सिक्योरिटी का वैल्यूएशन और बैंक में उपलब्ध समस्त खातों में से सैंपल पद्धति के आधार पर किन-किन खातों को सैंपल में लिया जाना आदि महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत व्यवहारिक चर्चा की गई।

प्रारंभ में मंदसौर जिला शाखा के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा के युग में ज्ञान के बल पर ही टीका जा सकता है और विश्व में भारतीय सीए अपने टेक्नोलॉजी ज्ञान में अव्वल है। जरूरत सिर्फ नेटवर्किंग की है। आपने कहा कि मंदसौर शाखा द्वारा मात्र तीन माह के अंदर ही राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार आयोजित किया है। जिसमें भीलवाड़ा, गाजियाबाद, रतलाम, नीमच, मंदसौर के लगभग 90 सीए साथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिथि आयकर अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि देश की आर्थिक तरक्की में सीए का महत्वपूर्ण योगदान है। अतिथि परिचय उपाध्यक्ष सीए राजेश मण्डवारिया, कोषाध्यक्ष सीए नयन जैन व वरिष्ठ सीए रितेश पारिख ने दिया। सीए मोटो सांग का वाचन महिमा मोटवानी, नंदनी बैरागी, प्रेक्षा बाफना ने सीए अर्पित मेहता के मार्गदर्शन में किया। संचालन सीए आयुष जैन व सीए प्राज्वी जैन ने किया। आभार सचिव सीए विकास भण्डारी ने माना। उक्त जानकारी सी.पी.ई. कमेटी के चेयरमेन व पूर्व अध्यक्ष सीए विरेन्द्र जैन ने दी।

# तुलसी पूजा तपस्या का फल कभी निष्फल नहीं जाता है -सुखवाल

## श्रीमद् भागवत एवं 108 तुलसी विवाह का विश्राम आज



**नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** घर आंगन में तुलसी का पौधा होता है।इसके नियमित विधि विधान से प्रतिदिन पूजा होती हो उस घर में सुख समृद्धि शांति का वास होता है। तुलसी पूजा तपस्या का फल कभी निष्फल नहीं जाता है। यह बात निंबाहेड़ा गौशाला के संत पंडित राधेश्याम सुखवाल ने कही। वे विश्व सनातन हिंदू रक्षा संघ के घर - घर तुलसी सालिगराम महा अभियान के अंतर्गत जय गणेश परिवार व लावण्या ग्रुप के तत्वाधान में बघाना बालाजी धाम पर श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा में बोल रहे थें। उन्होंने कहा कि जिस घर में तुलसी के पौधे का वास होता है उस घर में लक्ष्मी का निवास होता है।तुलसी माता का विधि विधान से नियम पालन करने से आत्मा का कल्याण हो जाता है। इस जन्म तो क्या अगले सात जन्म का कल्याण हो जाता है। तुलसी पूजा विधान के मर्यादा का पालन के संस्कार बच्चों को सीखाना चाहिए ताकि वह सुख शांति के साथ जीवन यापन कर सके और अपने शिक्षा संस्कार के माध्यम से जीवन को सफलता की उंचाई की ओर ले जा सके। मनुष्य की यदि क्षमता हो तो मंदिर ,मूर्ति का निर्माण, यज्ञ, भंडारे का आयोजन करवाना चाहिए।यदि नहीं हो सके तो तुलसी के पौधे की विधि विधान से सेवा करना चाहिए तभी जीवन का कल्याण हो सकता है। तुलसी के पौधे पर प्रतिदिन सुबह जल चढ़ाना चाहिए रात्रि में इसका निषेध रहता है। तुलसी में जब भी जल चढ़ाया तो विष्णु के जल का पवित्र भाव रखकर ही चढ़ाना चाहिए। धर्म स्थान पर कठिनाइयां रहती है ।सुविधाओं की व्यवस्था चाहिए तो राजनीति लोकसभा चुनाव में भाग लेना चाहिए । अपने धन पर अहंकार नहीं करना चाहिए। भक्ति करे तो मीरा जैसी करना चाहिए।जीवन में अहंकार नहीं होना ही जीवन का सबसे बड़ा धन होता है। सुख और अच्छाई चाहिए तो गरीब और दुखी वंचित को प्रसाद का वितरण करना चाहिए। कोई मांगलिक आयोजन करें तो पितरों को जल अवश्य तर्पण करना चाहिए। देवता भी जल से प्रसन्न होते हैं। गरुड़ पुराण कथा जीवन के बाद का सच कहती है। गरुड़ पुराण श्रवण करने से पितरों का मोक्ष होता है।किसी तीर्थ स्थान पर जाए तो पितरों को जल तर्पण अवश्य करना चाहिए। पितृ तृप्त तो होंगे तो परिवार में खुशहाली रहेगी।मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने वनवास में रहते हुए 12 साल तक राजा दशरथ को जल तर्पण किया था। एक दिन राम किसी कार्य में व्यस्त हो गए थे तो माता सीता ने राजा दशरथ को जल तर्पण किया था। महाराज श्री ने नारद मुनि संवाद, तुलसी विवाह प्रसंग आदि के महत्व पर वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व प्रतिपादित किया। तुलसी विवाह आरती श्रीमद् भागवत पोथी पूजन में रेखा गोयल, अंजना अग्रवाल, ,राधिका मिश्रा, कल्याणी सोनी, कुसुम सोनी, कंचन सुराह आदि श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम की पावन श्रृंखला में राधेश्याम जी सुखवाल महाराज द्वारा गणपति स्थापना, चाक माताजी पूजन, शालिग्राम अभिषेक, शक्तिपीठ उत्पत्ति कथा के महत्व प्रकाश डाला गया। तथा हल्दी मेहंदी मोसारा भात, की परंपरा का निर्वहन किया गया।आज शुक्रवार 29 मार्च को बारात तुलसी विवाह के साथ ही कार्यक्रम का विश्राम होगा।

# मातृ शक्तियों ने देखी आर्टिकल 370 पर आधारित फिल्म



**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री सुधीर गुप्ता के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया व भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता के नेतृत्व में नपा अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला के सानिध्य में गणपति वार्ड 20 पार्षद दिव्या अनूप माहेश्वरी के साथ वार्ड 20 की मातृशक्तियो को आर्टिकल 370 पर आधारित फिल्म दिखाई। जिससे मातृशक्तियो में विशेष छोटी बच्चियों को लव जिहाद के दलदल से बचाने की मुहिम में पार्षद दिव्या अनूप माहेश्वरी ने भी सतर्कता दिखाते हुए अपने वार्ड 20 के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

# जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नोडल अधिकारी(स्वीप) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराने हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष सुशासन भवन मंदसौर में किया गया है। कार्यशाला में स्वीप सहायक नोडल अधिकारी श्री पीसी चौहान महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिले के समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

कार्यशाला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप की विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के आयोजन के संबंध में बताया गया। जिसके अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालना, नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाना, जगह-जगह मतदाता जागरूकता के नारे लिखना, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित करना, स्कूल, कॉलेज एवं चौपाल पर चुनावी पाठशाला का आयोजन करना, बुजुर्ग एवं वृद्ध नागरिकों का सम्मान करना इत्यादि गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। कार्यशाला में बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एवं मतदाता को जागरूक किये जाने के लिए इस प्रकार के आयोजन किया जाना हैं विशेष तोर पर जहाँ जिस क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम हो एवं ग्रामीण स्तर के नागरिक जो साक्षर नहीं है, जिन्हें लोकतंत्र कि जानकारी नहीं हैं उन्हें जागरूक किये जानें हेतु इस प्रकार की गतिविधियों को आयोजन किया जायें । कार्यशाला में बताया गया कि स्कूल एवं कॉलेज की कक्षाओं में चुनावी पाठशालाओं का आयोजन किया जाये एवं उन पाठशाला में निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाये इस आयोजन हेतु स्कूल एवं कॉलेज में एक शिक्षक को स्वीप गतिविधियाँ का नोडल बनाया जाये। स्वीप गतिविधियों के आयोजन को सम्पन्न कराये जाने हेतु इस माह में फाग महोत्सव के विभिन्न प्रकार के त्यौहारो एवं आने वाली चेत्र नवरात्री के अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका एवं स्कूल के शिक्षकों व शासकिय कर्मचारियों एवं अन्य नागरिकों के द्वारा अनिवार्यत: किया जाये ।



# एपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर रहे

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गांव-गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हर तरह की गतिविधि का प्रयोग किया जा रहा है। इन गतिविधियों में मतदाताओं द्वारा एपिक कार्ड के साथ सेल्?फी ले कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं में मतदान के प्रति गहरी रूचि एवं उत्साह देखा गया। नए मतदाताओं का कहना है कि हम इस बार जरूर मतदान करेंगे तथा देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हम अपना अहम योगदान भी देंगे। इसके साथ ही मतदाताओं को किस तरह से मतदान करना है। मतदान करने से क्या फायदा है आदि के संबंध विस्तार से बताया। यह सभी गतिविधियां स्वीप के माध्यम से की जा रही है। स्वीप गतिविधि के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाई

**नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,जावद में लोक सभा निर्वाचन 2024 की स्विप गतिविधि के अंतर्गत 28 मार्च 2024 को मतदाता जागरूकता के लिए सभी प्रशिक्षणार्थियों और स्टाफ द्वारा संस्था परिसर में भारत के मानचित्र पर मानव श्रृंखला निर्मित की गई। तत्पश्रात रैली निकालकर संस्था आईटीआई से रूपारेल बस्ती होते हुए पेट्रोल पंप चोराहे पर मानव श्रृंखला निर्मित की और मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही संस्था में निर्मित सेल्फी पॉइन्टि पर सभी ने फोटो लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

# नगदी सहित 31 करोड़ 92 लाख से अधिक मूल्य की सामग्रियां जप्त

**नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है,कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता 16 मार्च, 2024 से प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 26 मार्च तक 1 करोड़ 58 लाख 76 हजार 450 रूपये नगद राशि सहित 31 करोड़ 92 लाख 54 हजार 401 रूपये मूल्य की सामग्रियाँ जब्त की गयी हैं। इस दौरान 6 लाख 58 हजार 157 लीटर मदिरा भी जब्त की गयी है, इसका मूल्य 10 करोड़ 56 लाख 21 हजार 800 रूपये है।इसी तरह 4 करोड़ 53 लाख 33 हजार 8 रूपये मूल्य के 8 हजार 696 किलोग्राम ड्रग्स और 3 करोड़ 32 लाख 52 हजार 934 रूपये मूल्य की 152 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ जब्त की गई हैं। साथ ही 11 करोड़ 91 लाख 70 हजार 209 रूपये मूल्य की अन्य सामग्रियाँ (रेडीमेड, गारमेंटस आदि) जब्त की गई हैं।

# गौशाला के लिए आई 3 लाख 69 हजार की राशि ग्राम पंचायत ने नही कराई जमा, गौशाला अध्यक्ष ने की शिकायत

**पिपलियामंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गांव बरखेड़ापंथ स्थित श्री राधेकृष्ण गौशाला के लिए दी गई राशि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा नही दी जाने का मामला सामने आया है, गौशाला अध्यक्ष ने इसकी शिकायत कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, मल्हारगढ़ एसडीएम व मल्हारगढ़ जनपद पंचायत सीईओ को की है। अध्यक्ष जगदीश माकनिया ने शिकायत में बताया कि पिछले 6 माह से गौशाला को ग्राम पंचायत द्वारा राशि प्रदान नही की जा रही है, आर्थिक संकट के चलते समिति घास नही खरीद पा रही है, गौवंश के भूखे मरने की नौबत आ गई है। माकनिया ने बताया कि जिला पंचायत ने 20 अक्टूबर 2023 को 1 लाख 82 हजार 585 रुपए एवं 25 जनवरी 2024 को 1 लाख 86 हजार 500 रुपए गौशाला के लिए ग्राम पंचायत के खाते में राशि डलवाई। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा गौशाला को यह राशि नही दी गई। सरपंच, सचिव से कई बार राशि के लिए निवेदन किया, लेकिन राशि नही दी जा रही है। गौवंश के पालन-पोषण को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है। मामले को लेकर पंचायत सचिव भुवानीशंकर का कहना है बाउचर जमा करा दिया है, राशि खाते में जमा हो जाएगी।

# खाटू श्याम भजन संध्या आज

**नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वर्णकार नवयुवक मंडल द्वारा आज 29 मार्च शुक्रवार को स्वर्णकार मांगलिक भवन नीमच में खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा स्वर्णकार नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विरल सोनी सचिव कृष्णा सोनी ने बताया कि भजन संध्या रखी गई है खाटू श्याम भजन संध्या के प्रख्यात भजन गायिका माधुरी निखाडे भोपाल भजन गायक मयंक बृजवासी भरतपुर एव राहुल घेलोत द्वारा भजनों की प्रस्तुति देंगे आज 29 मार्च को दोपहर 3:30 बजे बावड़ी वाले बालाजी से निशान यात्रा निकाली जाएगी निशान यात्रा मी समाज से सभी महिला,पुरुष व बच्चे शालिम होंगे। भजन संध्या सायं 7:30 बजे से प्रभु इच्छा तक इस अवसर पर खाटू श्याम का भव्य दरबार भी सजेगा साथ ही 30 मार्च शनिवार को सायं 8: बजे से श्री स्वर्णकार समाज नीमच का होली मिलन समारोह भी रखा गया है उक्त जानकारी स्वर्णकार नवयुवक मंडल ने दी

## दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को....

# घर से मतदान की सुविधा की समय सारणी निर्धारित

**नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत अनुपस्थित श्रेणी के अंतर्गत आने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु, दिव्यांनग एवं कोविड सस्पेक्टेड और अफेक्टेड मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान करने की समय सारणी निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने बताया कि जिले में उपरोक्त श्रेणी के मतदाताओं को उक्त सुविधा प्रदान करने के लिए पात्र एवं इच्छुक मतदाताओ को बीएलओ व्दारा रिक्त फार्म-12 डी का वितरण एवं पावती लेने का काम 17 मार्च से 23 अप्रेल 2024 तक किया जावेगा। भरे गये हस्तारक्षरित फार्म-12 डी का बीएलओ व्दारा संकलन कर उसी दिन एआरओ को जमा करवाए जाऐंगे। सेक्टर आफिसर व्दारा प्रतिदिन वितरित एवं प्राप्त फार्मो की मॉनिटरिंग एवं एआरओ से समन्वय का कार्य सेक्ट र आफिसर करेंगे। एआरओ व्दारा फार्म-12 डी की प्राप्ति 17 मार्च से 23 अप्रेल 2024 तक की जावेगी।

आरओ, एआरओ व्दारा प्राप्त् आवेदनों की प्रतिदिन जांच कर, स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का कार्य 24 अप्रेल तक किया जावेगा। आरओ, एआरओ व्दा रा संबंधित निर्वाचक को अस्वीकृति के संबंध में 24 अप्रेल तक सूचित किया जावेगा। एआरओ व्दा रा 25 एवं 26 अप्रेल को मतदान दलों की होम विजिट के लिए रूट चार्ट एवं कार्यक्रम का निर्धारण कर मतदान हेतु विजिट की समय सारणी से अभ्यटर्थियों को अवगत कराकर, पावती प्राप्त की जावेगी। होम वोटिंग वाले निर्वाचन की सूची हार्ड कॉपी में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को होम वोटिंग प्रारंभ होने के दिनांक से एक, दो दिन पूर्व प्रदान की जावेगी। होम वोटिंग हेतु मतदान दल, (मतदान कार्मिक, माईक्रो आब्ज र्वर, पुलिसकर्मी, बीएलओ, वीडियों ग्राफर आदि) का गठन एवं प्रशिक्षण 23 अप्रेल से 27 अप्रेल 2024 तक आयोजित किया जावेगा। आरओ, एआरओ व्दाएरा 3 मई 2024 तक निर्वाचक नामावली में पीबी मार्क कर भौतिक रूप से पोस्टल बेलेट पेपर तैयार किए जायेंगे। एआरओ/बीएलओ व्दारा 25 अप्रेल से पात्र मतदाताओं को घर से मतदान के निर्धारित तिथि एवं समय के बारे में सूचना पत्र के माध्यम तथा अतिरिक्त साधनों के रूप में मोबाईल/फोन से सूचित किया जावेगा। मतदान दल का प्रथम भ्रमण 2 मई से 6 मई 2024 तक पोलिंग टीम व्दारा मतदान की गोपनियता का उल्लंकघन किए बिना सभी पात्र मतदाताओं के घर जाकर वीडियोंग्राफी के साथ मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी। मतदान दल का व्दितीय भ्रमण 7 से 9 मई 2024 तक किया जाएगा। इसमें प्रथम भ्रमण में अनुपस्थित पाये गये मतदाताओं के घर पर मतदान दल का व्दितीय भ्रमण किया जाएगा। मतदाताओं व्दोरा मत अंकित किये गये पोस्टल बैलेट मतदान दल व्दारा उसी दिन एआरओ को जमा करवाये जायेंगे। यदि प्रथम विजिट के दौरान निर्वाचक नहीं मिलता है, तो व्दितीय विजिट संबंधी नोटिस उसके निवास स्थान पर चस्पा करेंगे तथा वीडियोग्राफी भी कराएंगे।

# मतदाता जागरूकता के लिए मेंहदी प्रतियोगिता सम्पन्न

**नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम ने जनपद मुख्यालय से 40 कि.मी. दूर ग्राम कुण्डला में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओ के साथ विभिन्न स्वीप गतिविधिया आयोजित कर, ग्रामीण महीलाओ को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से ग्रामीणजनो एवं महीलाओ को मतदान हेतु साक्षर किया गया एवं मतदान से संबंधित जानकारी दी गई।

महिलाओ द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए मेंहदी प्रतियोगीता आयोजित की गई। महिलाओ ने रंगोली बना कर मतदाताओं को जागरूक किया। ग्राम में मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। ग्रामीण जनो को मतदान दिवस के दिन शतप्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव द्वारा वृद्ध मतदाता एवं नवीन मतदाताओ का सम्मान किया गया। ग्राम की वृद्ध महिलाओ ने ग्रामीणों को शतप्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया तथा वृद्ध ग्रामीणजनो द्वारा सभी ग्रामवासियो से आने वाली मतदान तिथि 13 मई, 2024 को ग्राम में 100 प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया । नवीन मतदाताओ का स्वागत किया। कार्यक्रम में विकासखण्ड प्रबंधक नरेन्द्र परमार, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक श्री कमल भूरिया, श्री महेन्द्र अलावा, श्री दीपक डावर म.प्र.डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रामवासियों द्वारा उत्साहपूर्वक मतदाता जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया गया। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनासा श्री अरविन्द डामोर ने दी।






# सीपीएस पद्धति से किसानों का शोषण, इसे खत्म कर किसानों को राहत देगें-गुर्जर

## कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी दिलीपसिंह गुर्जर का मंदसौर आगमन हुआ, बाबा पशुपतिनाथजी के किये दर्शन, कांग्रेसजनों ने दिखाया उत्साह, जगह-जगह हुआ स्वागत

**मंदसौर, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नीमच-मंदसौर-जावरा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक श्री दिलीपसिंह गुर्जर का गुरूवार को मंदसौर आगमन हुआ। संसदीय क्षेत्र में आगमन पर कचनारा से लेकर मंदसौर तक जगह-जगह कांग्रेसजनो ने उत्साह के साथ श्री गुर्जर की आत्मीय भाव से आगवानी कर मंदसौर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में विजय श्री का संकल्प लिया। बाबा श्री पशुपतिनाथजी के दर्शन उपरांत कांग्रेस प्रत्याशी श्री गुर्जर ने वाहनो का काफिला छोडकर कांग्रेसजनो के शिवना पुलिया, प्रतापगढ पुलिया होते हुये, मंडी गेट, सदर बाजार, कालिदास मार्ग, भारत माता चैराहा, नेहरू बस स्टेण्ड होते हुये गांधी चैराहे पर कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंच हजारो कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। कार्यकर्ता सम्मेलन के उपरांत श्री दिलीपसिंह गुर्जर ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन की उपस्थिति में मंदसौर जिला कांग्रेस कार्यालय पर लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ वरिष्ठ नेता श्री जगन्नाथ कुमावत के साथ फिता काटकर किया। श्री गुर्जर ने केन्द्र के वित्त मंत्रालय के अधीन अफीम फसल की नवीन पध्दति सीपीएस को किसानो के शोषण वाली निति बताते हुये कहा कि इससे किसानो का शोषण होता है, हम इस पध्दति को बंद करेगे। श्री गुर्जर ने किसानो पर झूठे पुलिस प्रकरणो लादे जाने का आरोप लगाते हुये अफीम किसानो के शोषण बंद करने भरोसा दिलाया। उन्होने मंदसौर विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुये कहा कि आपने एक सरल एवं अच्छे नेता विपिन जैन को विधायक बनाया है, जब भी कार्यकर्ता प्रण लेता है तो इतिहास बना देता है। आप सब लोगो के संकल्प से हम मंदसौर संसदीय क्षेत्र का चुनाव भी जितेगे।

कार्यकर्ता सम्मेलन को जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रभारी श्री नरेन्द्र नाहटा, पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटील, जिला कांग्रेस संगठन मंत्री श्री राजेश रघुवंशी, जावरा विधानसभा प्रत्याशी श्री विरेन्द्रसिंह सोलंकी, सुवासरा विधानसभा प्रत्याशी श्री राकेश पाटीदार, मल्हारगढ विधानसभा प्रत्याशी श्री परशुराम सिसोदिया, मंदसौर विधानसभा प्रत्याशी 2008 श्री महेन्द्रसिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता श्री ओमसिंह भाटी, जावरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री यूसूफ कडप्पा, जिला पंचायत सदस्यगण श्री दीपकसिंह चैहान, श्री रिंकेश डबकरा, श्री जगदीश धनगर फौजी, गरोठ विधानसभा प्रभारी मनजीतसिंह टूटेजा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री कर्मवीरसिंह भाटी, श्री रतनसिंह सूर्यवंशी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष श्री ब्रदीलाल धाकड, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रूपल संचेती, अजा विभाग अध्यक्ष श्री संदीप सलोद, सेवादल अध्यक्ष श्री दिलीप देवडा, एनएसयुआई जिलाध्यक्ष श्री रितिक पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, श्री गोविंदसिंह पंवार लदूना, नगर पालिका नेताप्रतिपक्ष रफत पयामी आदी ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस पदाधिकारीगण सुरेश भाटी, इष्टा भाचावत, असगर भाई मेव, जितेन्द्रसिंह राजाखेडी, अजय लोढा, श्री जगन्नाथ पटेल, डॉ अजीत जैन, श्री शंकरलाल आंजना, श्री शक्तिदानसिंह सिसोदिया, श्रीमती सरोजसिंह सिसोदिया, श्री सुरेन्द्र कुमावत, श्री अजहर हयात मेव, श्री भोपालसिंह सोलंकी, श्री गणपतलाल पंवार, श्री किशोर गोयल, श्री तुलसीराम पाटीदार, श्री फकीरचंद्र गुर्जर, श्री गोविंदसिंह सिसोदिया, श्री परमेश्वर पाटीदार, श्री रामेश्वर जामलिया, श्री महेन्द्र पोरवाल शामगढ, श्री दुलेसिंह पंवार, श्री सुनिल बसेर, श्री राजनारायण लाड, श्री तरूण खिची, श्री अरूण ठन्ना, श्री हेमंत शर्मा, श्री रविन्द्र पाटीदार, श्री बलवंतसिंह चैहान, श्री श्याम गुगर, श्री विनोद शर्मा दलौदा, श्री विनोद शर्मा जवासिया, श्री विश्वास दुबे, श्री नोंदराम गुर्जर, श्री घनश्याम अटोलिया, श्री मदन अटोलिया, श्री जितेन्द्र सोपरा, कांग्रेस नेता श्री शेलेन्द्र बघेरवाल, श्री कमलेश सोनी लाला, संजय माहेश्वरी, श्री धमेन्द्र शर्मा भावगढ, श्री लक्ष्मणदास मेघनानी, श्रीमती बबीतासिंह तोमर, श्री हाजी रशीद, श्री प्रकाश राठौर, श्री आनंद हुपेले, श्री अशोक खिची, श्री संजय वर्मा, श्री प्रहलाद शर्मा भलोट, श्री गोविंदसिंह डोराना, श्री कमलेश जैन, श्री मुलचंद्र प्रजापत, श्री प्रमोद भवालकर, श्री अशोक रेकवार, श्री संजय सोनी, श्री निर्मल बसेर, श्री सकलेन करार, श्री राजेश फरक्या, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगण सर्व श्री अनिल शर्मा, बसंतीलाल सोलंकी, विकास दशोरा, गोपाल विश्वकर्मा, ईश्वरलाल धाकड, सुरेश पाटीदार, कृपालसिंह सोलंकी, कमलेश जायसवाल सोनू, ओमप्रकाश राठौर, भवानीशंकर धाकड, विरेन्द्रसिंह हाडा, करणसिंह मेलखेडा, कार्यकारी अध्यक्षगण अंबालाल हिंगोरिया, डॉ घनश्याम कुमावत, श्री सलीम खान, पंकज जाट, किसान नेता श्री समरथ गुर्जर, शाजिया खान, श्री संजय मंडलोई, श्री मुकंद कुशवाह, मंडलम अध्यक्षगण श्री पंकज जोशी, श्री दशरथ राठौड, श्री विजय जैन चैधरी, श्री शुभम कुमावत, श्री नितेश सतीदासानी, श्री अजय मारू, श्री अजय सोनी, श्री वकार खान, श्री रमेश ब्रिजवानी, सेक्टर अध्यक्षगण श्री वहीद जैदी, श्री विनोद शर्मा, श्री सादीक गोरी, श्री कचरमल जटिया, श्री महेश गुप्ता, ग्रामीण मंडम अध्यक्षणग श्री राजेन्द्र कुमावत, श्री श्याम जाट, श्री चंद्रशेखर अहीरवार, श्री रविन्द्र कुमावत, डॉ विनोद कुमावत सहित, बेरोजगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री मांगुसिंह बोराना, बुथ प्रबंधन के अध्यक्ष श्री डॉ अभिषेक राठौर, आदीवासी कांग्रेस के अध्यक्ष श्री रमेश सिंगार, नागदा के वरिष्ठ नेता श्री राधे जायसवाल, श्री सम्यंक जैन, श्री आदर्श जोशी, श्री यश श्रीवास्तव, श्री हरिश पाटीदार, श्री अनोखीलाल सोलंकी, श्री आमिर खान, सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने किया।

**बाबा श्री पशुपतिनाथजी के किये दर्शन, तलाई वाले बालाजी के समक्ष नवाया शीश, सभी वर्गो की खुशहाली की कामना की**-बाबा श्री पशुपतिनाथजी मंदिर में कांग्रेस प्रत्याश्री श्री दिलीसिंह गुर्जर ने विधायक श्री विपिन जैन के साथ दर्शन एवं पूजन कर कांग्रेस की विजय हेतु आर्शिवाद लिया। इसके साथ ही उन्होनें गांधी चैराहे पर प्रसिध्द तलाई वाले बालाजी पर शीश नवाते हुये क्षेत्र के नागरिको की खुशहाली की भी कामना की।

# केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएं-गुप्ता



**मंदसौर/नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय के संकल्प लेकर राजनीतिक युद्ध के मैदान में उतर चुकी है। इसी क्रम में आज गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा परिवार से जुडे सरपंच बंधुओं की बैठक सांसद एवं प्रत्याशी सुधीर गुप्ता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया और भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश पालीवाल एवं सरपंच संघ अध्यक्ष लाल गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात अतिथि गणों का स्वागत सरपंच संघ पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद गुप्ता ने कहा कि आज का देश बदल रहा है और हमने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में हर वर्ग के लिए कार्य किया है। त्रिस्तरीय पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन,गांव गांव में गरीब को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान, उज्वला योजना का लाभ, आयुष्मान कार्ड योजना से 5 लाख तक के इलाज की गारंटी से गांव गरीब किसानों की चिंता को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दूर किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया कि भाजपा परिवार से जुडे होने के कारण आप अपने सरपंच पद के दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के समय हुवे आपसी मतभेद को बुलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लक्ष्य को आधार मानकर अपने-अपने गांव के बूथों से भाजपा के उम्मीदवार को अधिक से अधिक वोटो से विजय बनावे। सरपंच के रूप में जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता के रूप में दायित्वों को पूर्ण रूप से निर्वहन करें। जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें एक बार फिर हमें मोदी सरकार बनानी है इसके लिए हमें संसदीय क्षेत्र में तीसरी बार के प्रत्याशी एवं विकास पुरुष सांसद सुधीर गुप्ता के द्वारा किए गए विकास कार्य को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा घटावदा ने किया और आभार सरपंच संघ अध्यक्ष लाल गुर्जर ने माना। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# शिव महापुराण कथा को लेकर बैठक संपन्न

**मनासा, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शिव महापुराण कथा को लेकर गुरुवार को मनासा डाक बंगले पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवन बारिया ,एस डी ओ पी विमलेश उईके , तहसीलदार बी के मकवाना ने कथा स्थल की सारी व्यवस्था समितियों की बैठक ली। जिसमें सभी अलग अलग बनी समितियों से उनके कार्यो की जानकारी ली व कुछ सुधार के सुझाव भी दिए गए। आयोजन समितियों में मुख्य रूप भोजन व पानी के विषय पर चर्चा की गई भोजन व्यवस्था समिति ने अपनी रिपोर्ट शाम को एस डी एम पवन बारीया जी को सौंप देगी जल व्यवस्था को लेकर समिति ने कैसे क्या व्यवस्था की गई है उसकी विधिवत जानकारी एस डी एम पवन बारीया को बताने के बाद कुछ ठंडे पानी के लिए कैनो की व्यवस्था भी करने की बात कही गई साथ ही पार्किंग व्यवस्था व वी आई पी पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा कर ली गई है।

दशहरा मैदान के बजाय भाटखेडी बाय पास रोड पर नीमच से आने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था के लिए मैदान तैयार किया जा रहा है मन्दसौर रोड के लिए पुर्व कथा स्थल पर पार्किंग



व्यवस्था के साथ ही दुआ मार्कट के पीछे टू व्हीलर वाहन पार्किंग की व्यवस्था के लिए चर्चा की गई बसो के आने जाने वाले मार्गों में र्भी परिवर्तन किया जा रहा है इसके लिए प्रशासन के व्दारा रुट मेप तैयार किया जा रहा है शोचालय के लिए व्यवस्था पर सवाल खडे होने पर एस डी एम पवन बारीया ने बताया कि इस व्यवस्था को शीघ्र सुधार कर लें । बाहर से आने वाले भक्तों को अपने साथ एक झोले में दो बाटल पानी की लाना है । छोटे छोटे बच्चों के गले में उनके नाम व परिवार के मोबाइल नंबर वाला कार्ड लगाना अनिवार्य है। कथा स्थल पर किसी भी प्रकार के गहने पहन कर न आवे । ट्राफिक का उलंघन करने वाले पर प्रशासन के व्दारा कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में नगर पंचायत के व्दारा जो व्यवस्थाए की जा रही है उसकी जानकारी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी व सी एम् ओ पाटीदार ने रख दी। दुर पार्किंग व्यवस्था को देखते हुए (ई) रिक्सा की व्यवस्था की गई है । प्रशासन के व्दारा प्रतिदिन बैठक में कथा स्थल पर चर्चा होती रहेगी जिसमें कहीं भी किसी प्रकार का कोई परिवर्तन करना पड़े उसके लिए प्रशासन निर्णय लेने में सक्षम हैं। शिव महापुराण कथा के चार दिन शेष हैं प्रशासन पुरी तरह से सतर्क है सभी जगहों पर सी सी केमरे लगाये जा रहें हैं जो प्रशासन की नजर में रहेंगे । कथा स्थल पर पुलिस ने चारों ओर पुछताछ केन्द्र बनाए है जहां से जानकारी ली व दी जा सकती है।जो आम जन की सहायता करेगा।

## रहवासी क्षेत्र में संचालित हो रहे ईट भट्टों के संचालकों ने बन्द किया शासकीय नाला, किसान ने की नगर परिषद व पुलिस थाने में शिकायत

**पिपलियामंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रहवासी क्षेत्र में संचालित हो रहे ईट भट्ठा संचालकों द्वारा शासकीय नाले को मिट्टी डालकर बन्द करने की शिकायत किसान ने नगर परिषाद् सीएमओ व पिपलियामंडी थाना प्रभारी को की। पिपलियापंथ निवासी किसान अर्जुनसिंह राजपूत ने शिकायत में बताया कि मेरा खेत पिपलियापंथ मार्ग पर श्मशान घाट के सामने नगर परिषद् के कुए के पास स्थित है। इसके पास रहवासी क्षेत्र में ईट भट्टे संचालित कर रहे है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण फैला रहे है जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। ईट भट्टों के पास स्थित शासकीय नाले को भी मिट्टी डालकर बन्द कर दिया है। जिससे बरसात में तेज बारिश होने पर पिपलियापंथ मार्ग का आवागमन बन्द हो जाएगा वहीं पानी भरा रहने से किसानों को पानी खेत में आ जाने से नुकसान होगा। अर्जुनसिंह ने आगे बताया कि नाला चालू रहता है, उस समय भी पानी की आवक ज्यादा होती है तो वाहनों का आना-जाना बन्द रहा है, एसी स्थिति में गंभीर परिणाम सामने आ सकते है। मैंने नाला बन्द करने के लिए मना किया तो ईट भट्ठा संचालकों ने गाली-गलौज की व जान से मारने की धमकी दी। अर्जुनसिंह ने बन्द किए गए नाले को खुलवाने व रहवासी क्षेत्र में चल रहे ईट भट्ठों को बन्द कराने की मांग की।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**पिपलियामंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम बरखेड़ापंथ निवासी रोहितसिंह (22) पिता भानुप्रतापसिंह को परिजन व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाए, चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। घटना क्षेत्र मल्हारगढ थाने का होने से मल्हारगढ पुलिस ने अस्पताल पहुंच, परिजनों से घटना की जानकारी ली, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। जानकारी के अनुसार युवक मंदसौर मारुति शोरुम पर कार्य करता था। युवक की 4 दिसम्बर 2023 को शादी हुई थी। रोहित की पत्नी को भी पीहर कुम्हारी (रतलाम) से दोपहर में ही लाए थे।

# सांसद गुप्ता ने समाजजन, सामाजिक संस्थाओं व वार्डवासियों से भेंट की

**मंदसौर/नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने बुधवार को मंदसौर नगर में सामाजिक संस्थाओं, समाजों के सदस्यों एवं संगठनों के सदस्यों से भेंट की। सांसद गुप्ता ने अखाड़ा एसोसिएशन, सकल ब्राहम्ण समाज, वॉर्ड क्र. 39 गांधीनगर में वार्डवासियों, धान मंडी व्यापारी संघ, जिला फर्टिलाइजर एसोसिएशन, वाल्मिकी समाज के प्रमुख नागरिक, लायन्स क्लब गोल्ड एवं वरिष्ठजनों से मुलाकात कर चर्चा की। सांसद गुप्ता ने मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यो एवं संसदीय खेत्र की उपलिब्धयों को बताया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत संकल्प



की ओर बढ रहा है। मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास किया है। सांसद गुप्ता ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यो को लेकर भी चर्चा की। सांसद गुप्ता ने मंदसौर मेडिकल कॉलेज, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंदसौर स्टेशन का विकास, सड़कों के विकास कार्य सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होने कहा कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की प्रगति के लिए सभी राज्यों को पर्याप्त संसाधन और राशि उपलब्ध करा रहे हैं, उनके नेतृत्व में निश्चित ही भारत विश्व का सिरमौर बनेगा। इसी के साथ ही सांसद गुप्ता ने समाज व विभिन्न संस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज एकजुटता के साथ रहेगा तो विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। हर बच्चा पढ़-लिखकर माता-पिता के साथ समाज एवं नगर का नाम रोशन करेगा। इसके लिए समाज के प्रत्येक बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें। सामाजिक दृष्टि से कई संस्थाएं देश सेवा के कार्य कर रही है और देश के विकास में अहम योगदान दे रही है।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, राजेश पालीवाल, राजेश नामदेव, जनपद सदस्य बंशीलाल धनगर, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, धीरज पाटीदार, हिम्मत डांगी, दिलीप ग्वाला, विजय सुराणा, राजदीप परवाल, पुष्पेन्द्र भावसार सहित समाज व संगठन के वरिष्ठपदाधिकारी, कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित थे।

# गर्भवती महिला को कॉल कर खाते से राशि निकालने वाले आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गर्भवती महिला के साथ मोबाइल पर कॉल कर धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। उल्लेखनीय है कि उक्त घटनाक्रम का ऑडिया सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, मंदसौर के पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने मल्हारगढ क्षेत्र के विधायक व वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा से मामले की जांच की मांग की थी। जानकारी के अनुसार बोतलगंज निवासी जशोदा पति संजय भाटी ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि मै 07 माँह गर्भवती होने के कारण घर पर ही रहती हूँ मेरा सेंट्रल बैंक नारायणगढ मे खाता है, आज से दो तीन माह पूर्व शासन के महिला बाल विभाग से 3000/- रूपये खाते मे आये थे। 20.03.2024 को दोपहर करीबन डेढ बजे मेरे मोबाईल नंबर पर कॉल आया। सामने से एक व्यक्ति बोला की मै संतोष शर्मा महिला बाल विकास कार्यालय मल्हारगढ से बोल रहा हूँ और बोला की 16000/- रूपये पोषण के आते है वो आपके खाते मे आये के नही, तो मैने बोला की अभी नही आये है केवल 3000/- रूपये पहले आये थे। तो उसने बोला की 6500/- रूपये अभी आपके खाते मे डालता हूँ। बैलेंस बताना और उसने बोला की फोन पे चलाते हो तो मैने बोला की मै फोन पे नही चलाती हूँ। तो उसने बोला की फोन पे डाउनलोड करो, मै फोन पे पर पैसे ट्रांसफर कर दूंगा तो मैने फोन पे डाउनलोड कर लिया। उसने कहा की आपको 3748/- रूपये फोन पे से डालता हूँ आपको मैसेज आयेगा आपको सिर्फ मैसेज पर क्लिक करना है। जैसे ही मैसेज आया मैने मेसेज पर क्लिक किया तो मैसेज डिलिट हो गया तथा मेरे खाते से 3748/- रूपये कट गये जिसका युटीआर नंबर 67 है। दुसरी बार में 1048/- रूपये कट गये, जिसका यु टी आर नंबर 37 है। मेरे खाते मे कुल 5000/- रूपये थे जो कुल 4796/- रूपये मोबाईल नंबर के धारक ने काट लिये। इस प्रकार मेरे साथ धोखाधडी कर मेरे खाते से 4796/- रूपये काट लिये। पिपलिया पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ 420 में केस दर्ज किया है।

## गोपाल की रिमाण्ड अवधि बढ़ी, ईश्वरलाल की तलाश

**पिपलियामंडी, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** डोडाचूरा प्रकरण में पुलिस ने डोडाचूरा देने वाले को भी आरोपी बनाया है। जानकारी के अनुसार मल्हारगढ पुलिस ने 25 मार्च को फोरलेन पर सूर्योदय ढाबे के पास मुन्देड़ी थाना पिपलियामंडी निवासी गोपाल पिता विश्राम मेघवाल को 125 किलो डोडाचूरा के साथ पकड़ा था। आरोपी को न्यायालय ने 2 दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए थे। जिसे दो दिन बाद पुनः न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे एक अप्रेल तक के लिए रिमाण्ड पर दिया गया। मामले में पुलिस गोपाल को डोडाचूरा उपलब्ध कराने वाले ईश्वरलाल पाटीदार को तलाश रही है।

# लोकसभा निर्वाचन में जिले के शतप्रतिशत मतदाता मतदान करें-जैन

## कलेक्टर ने फेसबुक लाईव के जरिये मतदाताओं से किया संवाद, पचास से अधिक मतदाताओं ने किया अपनी जिज्ञासाओं का समाधान

**नीमच, 28 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने गुरूवार को फेसबुक लाईव के जरिये जिले के मतदाताओं से सीधा संवाद किया और उन्होने मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 90 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखा गया है। मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढाने के प्रयास किए जा रहे है। जिले में दिव्यांगजनों एवं 100 वर्ष से अधिक आयु के शतप्रतिशत मतदाताओं से मतदान अवश्य करवाने के प्रयास किए जा रहे है। जिले के गत विधानसभा में 85 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले 90 मतदान केंद्रों पर शतप्रतिशत मतदान के विशेष प्रयास किए जा रहे है।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने मतदाताओं से फेसबुक लाईव के जरिए वोटर हेल्पलाईन के बारे जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधी विभिन्न जानकारियां, वोटर हेल्पलाईन के जरिए ऑनलाईन मोबाईल से प्राप्त की जा सकती है। उन्होने मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदाता सूची में नाम जुडवाने, वोटर आईडी कार्ड बनवाने, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, मतदान प्रक्रिया, नि:शक्त मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित प्रश्नो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने आगामी ग्रीष्मकाल में बरतने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, मास्टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार, ई-गवर्नेंस मेनेजर श्री संदीप पाटीदार भी उपस्थित थे। इस फेसबुक लाईव के जरिये 50 से अधिक मतदाता जुडे और कलेक्टर श्री जैन से लोकसभा निर्वाचन-2024 के संबंध में विस्तार से चर्चा कर, जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने फेसबुक लाईव के जरिये मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा, कि मतदान का अधिकार सबसे बडा अधिकार है। सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य, करना चाहिए। कलेक्टर श्री जैन ने कहा,कि वोटर हेल्प लाईन नम्बर-1950 पर भी निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला एवं विधानसभा स्तर पर निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है, जो 24 घण्टे कार्यशील है। मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर, नाम जुडवाया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए जा रहे है। दिव्यांग तथा अशक्त मतदाताओं को आयोग के निर्देशानुरूप निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुए उनके घर पर मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकेगी।


**श्री आनंद मंगल मांगलिक भवन को 3 वर्ष की लीज पर देना है**

श्री दीनअनाथ सहायक समिति अन्न क्षेत्र न्यास समिति जनकूपुरा मंदसौर द्वारा नरसिंह घाट के पास रामटेकरी मंदसौर पर श्री आनंद मंगल मांगलिक भवन को आगामी तीन वर्ष के लिए लीज पर देना है। जिसमें 8 ए.सी. कमरे, 1 ए.सी. हाल व तल मंजिल पर 1000 वर्गफीट का हॉल, कमरा, ऑफिस, कीचन व लगभग 7000 वर्गफीट का खुला मैदान स्थित है।

जिसके लिए नियम व शर्ते दिनांक 31.03.2024 तक संस्था कार्यालय गणपति चौक, जनकूपुरा, मंदसौर पर देखी जा सकती है।

******* इच्छुक सम्पर्क करें *******

श्री दीन अनाथ सहायक समिति अन्नक्षेत्र न्यास समिति

कार्यालय-गणपति चौक, जनकूपुरा, मंदसौर (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in